LATEST

# NEWS

# Election

## Date : 11th Jan. 2026

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

पंजाब केसरी
SUN,11 JANUARY 2026
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 12

# सुधार के बजाय नाम काटने की प्रक्रिया है SIR : ममता

## बंगाल की सीएम ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लिखा पत्र

कोलकाता, 10 जनवरी (एजैंसी) : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया रिकॉर्ड सही करने के बजाय मतदाताओं के नाम हटाने की कवायद बना दी गई है।





बनर्जी ने अपने पत्र में निर्वाचन आयोग पर राजनैतिक पक्षपात और चुनाव प्रक्रिया के दौरान मनमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने तीन पन्नों के पत्र में कहा, 'सुनवाई की प्रक्रिया काफी हद तक यांत्रिक हो गई है, जो पूरी तरह से तकनीकी आंकड़ों द्वारा संचालित है और इसमें विवेक, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण का पूरी तरह अभाव है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य न तो सुधार करना है और न ही नाम जोड़ना...बल्कि केवल नाम काटना है। बनर्जी ने दावा किया कि वर्तनी या उम्र संबंधी मामूली त्रुटियों के कारण आम लोगों को जबरन सुनवाई, उत्पीड़न और वेतन हानि का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने शादी के बाद उपनाम बदलने वाली महिलाओं की दिक्कतों को भी रेखांकित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी पहचान साबित करने के लिए बुलाया जा रहा है।

उन्होंने कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में तार्किक विसंगतियों को चुनिंदा रूप से निशाना बनाए जाने, पश्चिम बंगाल में एक अलग पोर्टल के इस्तेमाल और अन्य प्रणालियों में बदलाव के कारण अधिकारियों के बीच भ्रम पैदा होने को लेकर भी चिंता जताई।

## तृणमूल कांग्रेस के प्रचार गीत में निशाने पर पीएम मोदी और शाह

### टीएमसी ने विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया प्रचार गीत

कोलकाता, 10 जनवरी (एजैंसी) : तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपना चुनावी गीत जारी किया। इसमें तृणमूल ने दावा किया कि पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करेगी। वीडियो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की लाल रंग की पोशाक में तस्वीरें दिखाई गई हैं, और गीत के बोल हैं, 'अत्याचारी, अपने किले की रक्षा खुद करो।'

भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों पर हमलों के आरोपों का जिक्र करते हुए गीत में कहा गया, 'आपने धार्मिक आधार पर विभाजन पैदा किया है और बांग्ला भाषा का अपमान किया है। बंगाल जानता है कि इनका जवाब कैसे देना है।'' यह गीत मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और ईडी के बीच टीएमसी आईटी सेल प्रमुख प्रतीक जैन के ठिकानों पर हुई छापेमारी को लेकर हुए गतिरोध के बाद जारी किया गया है।

गीत की मुख्य पंक्ति कहती है, 'अपने ऊपर होने वाले सभी हमलों के बावजूद बंगाल फिर से जीतेगा। हम एक नए रास्ते पर एक नई दिशा के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तुम्हारा अंधकार नई सुबह के सामने हार जाएगा।' गीतों में राजनैतिक मुद्दों का भी जिक्र है। गाने के बोल हैं, 'हम एसआईआर या एनआरसी से नहीं डरेंगे, आपके पास मां बंगाल की ताकत को पहचानने का समय है।'

# महिलाओं एवं नवविवाहिताओं के लिए कलस्टर कैंप का हुआ आयोजन

**बालोतरा/नवज्योति।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं तथा नवविवाहित महिलाओं के मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य शनिवार को बालोतरा जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर कलस्टर कैंप आयोजित किए गए। इन कलस्टर कैंपों के माध्यम से पात्र महिलाओं और हाल ही में विवाह के बाद नए निवास स्थान पर आई नवविवाहिताओं को मतदाता सूची में शामिल करना, नाम संशोधन, सत्यापन तथा आवश्यक सुधार की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई गई, ताकि कोई भी पात्र महिला मताधिकार से वंचित न रहे।



इस दौरान नए मतदाता के रूप में पंजीकरण, मतदाता विवरण में संशोधन/सत्यापन संबंधित कार्य किए गए। निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित इन शिविरों के माध्यम से महिलाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नवविवाहित महिलाओं को विवाह उपरांत नए पते पर मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कलस्टर कैंपों का आयोजन ब्लॉक विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में किया गया। इसमें सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम/नगरपालिका के कार्मिक, बीएलओ एवं अन्य सुपरवाईजर सक्रिय रूप से सहयोग किया।

# केंद्रों पर महिलाओं के लिए कलस्टर शिविर आयोजित

बालोतरा | निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं तथा नवविवाहित महिलाओं के मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य शनिवार को बालोतरा जिले के समस्त मतदान केंद्रों पर क्लस्टर कैंप आयोजित किए गए।

इन क्लस्टर कैंपों के माध्यम से पात्र महिलाओं व हाल ही में विवाह के बाद नए निवास स्थान पर आई नवविवाहिताओं को मतदाता सूची में शामिल करना, नाम संशोधन, सत्यापन तथा आवश्यक सुधार की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई गई, ताकि कोई भी पात्र महिला मताधिकार से वंचित न रहे। इस दौरान नए मतदाता के रूप में पंजीकरण, मतदाता विवरण में संशोधन/सत्यापन संबंधित कार्य किए गए। निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित इन शिविरों के माध्यम से महिलाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

नवविवाहित महिलाओं को विवाह उपरांत नए पते पर मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। क्लस्टर कैंपों का आयोजन ब्लॉक विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में किया गया। इसमें सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम/नगरपालिका के कार्मिक, बीएलओ एवं अन्य सुपरवाइजर सक्रिय रूप से सहयोग किया।

# महिलाओं और नवविवाहिताओं के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित



**नमस्कार नेशन**

**बालोतरा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को बालोतरा जिले के सभी मतदान केंद्रों पर महिलाओं और नवविवाहित महिलाओं के लिए कलस्टर कैंप आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से पात्र महिलाओं और हाल ही विवाह करके नए पते पर आई नवविवाहिताओं को मतदाता सूची में पंजीकरण, नाम संशोधन, सत्यापन और आवश्यक सुधार की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई, ताकि कोई भी महिला अपने मताधिकार से वंचित न रहे। कैंप में नए मतदाता पंजीकरण के साथ-साथ मतदाता विवरण में संशोधन और सत्यापन संबंधी कार्य भी किए गए। निर्वाचन विभाग ने इन शिविरों के माध्यम से महिलाओं को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विशेष रूप से नवविवाहिताओं को उनके नए पते पर पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया गया। कलस्टर कैंप का आयोजन ब्लॉक विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में किया गया। इसमें सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम/नगरपालिका के कर्मचारी, बीएलओ और अन्य सुपरवाइजर सक्रिय रूप से सहयोग करते रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत महिलाओं एवं नव विवाहिताओं के लिए कलस्टर कैंप का हुआ आयोजन





मरुमंच न्यूज

**बालोतरा**। निर्वाचन आयोग के निदेशांनुसार विशेष गहन पुनरीक्षणझ2026 कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं तथा नवविवाहित महिलाओं के मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य शनिवार को बालोतरा जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर कलस्टर कैंप आयोजित किए गए।

इन कलस्टर कैंपों के माध्यम से पात्र महिलाओं और हाल ही में विवाह के बाद नए निवास स्थान पर आई नवविवाहिताओं को मतदाता सूची में शामिल करना, नाम संशोधन, सत्यापन तथा आवश्यक सुधार की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई गई, ताकि कोई भी पात्र महिला मताधिकार से वंचित न रहे। इस दौरान नए मतदाता के रूप में पंजीकरण, मतदाता विवरण में संशोधन/सत्यापन संबंधित कार्य किए गए।

निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित इन शिविरों के माध्यम से महिलाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नवविवाहित महिलाओं को विवाह उपरांत नए पते पर मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कलस्टर कैंपों का आयोजन ब्लॉक विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में किया गया।

इसमें सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम/नगरपालिका के कार्मिक, बीएलओ एवं अन्य सुपरवाईजर सक्रिय रूप से सहयोग किया।



# विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत महिलाओं एवं नव विवाहिताओं के लिए कलस्टर कैंप का हुआ आयोजन



मरुलहर न्यूज

**बालोतरा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षणझ2026 कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं तथा नवविवाहित महिलाओं के मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य शनिवार को बालोतरा जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर कलस्टर कैंप आयोजित किए गए।

इन कलस्टर कैंपों के माध्यम से पात्र महिलाओं और हाल ही में विवाह के बाद नए निवास स्थान पर आई नवविवाहिताओं को मतदाता सूची में शामिल करना, नाम संशोधन, सत्यापन तथा आवश्यक सुधार की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई गई, ताकि कोई भी पात्र महिला मताधिकार से वंचित न रहे। इस दौरान नए मतदाता के रूप में पंजीकरण, मतदाता विवरण में संशोधन/सत्यापन संबंधित कार्य किए गए। निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित इन शिविरों के माध्यम से महिलाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नवविवाहित महिलाओं को विवाह उपरांत नए पते पर मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कलस्टर कैंपों का आयोजन ब्लॉक विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में किया गया।



इसमें सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, राजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी, नगर निगम/नगरपालिका के कार्मिक, बीएलओ एवं अन्य सुपरवाईजर सक्रिय रूप से सहयोग किया।